**खबर संक्षेप**

## मेधावी छात्रा रती पांडे ने बढ़ाया विद्यालय का मान



**सतना।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, धवारी (केशव नगर) की कक्षा 8वीं की छात्रा रती पांडे ने 94.16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया है। पिता श्रीकांत पांडे एवं माता सुनीता पांडे की सुपुत्री रती ने प्रत्येक विषय में A+ ग्रेड अर्जित कर संस्थान को गौरवान्वित किया। शिक्षकों ने रीति के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की है।

## मैहर मंदिर मार्ग पर आवारा मवेशियों की मौज, हांका दल नदारद

**मैहर।** मैहर प्रशासन द्वारा चैत्र नवरात्रि मेले की तैयारियों को ले कर यूँ तो बड़े दावे किये जा रहे हैं परन्तु धरातल पर हकीकत कुछ और ही नजर आती है। मामला है मैहर माँ शारदा धाम के मुख्य मार्ग का जहाँ से गरीबों को उनके व्यवसाय से बेदखल कर बेरोजगार कर दिया गया,पर यह वही मार्ग है जहाँ से प्रतिदिन लाखों श्रद्धालुओं का आवागमन होता है परन्तु उसी मुख्य मार्ग पर जगह-जगह आवारा मवेशी आराम फरमाते नजर आ रहे हैं।नगर पालिका प्रशासन का हांका दस्ता जरूर नजर नहीं आ रहा। यदि इन मवेसियों की वजह से कोई बड़ी घटना दुर्घटना होती है तो इसका कौन जवाबदार होगा? क्या प्रशासन उसका जवाबदार होगा?

## मानवाधिकार सुरक्षा संगठन ने चैत्र नवरात्रि पर श्रद्धालुओं को बांटे फल और बिस्कुट

**मैहर।** चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर जहाँ पूरा देश भक्ति के रंग में डूबा हुआ है,वहीं मैहर में मानवता की एक अनूठी मिसाल देखने को मिली।मानवाधिकार सुरक्षा संगठन-भारत (महिला) जिला इकाई मैहर की टीम द्वारा माँ शारदा देवी मंदिर परिसर में सेवा कार्य किया गया।दूर-दराज से माँ के दर्शन के लिए आए श्रद्धालुओं की थकान मिटाने और उन्हें राहत पहुँचाने के उद्देश्य से टीम ने फल एवं बिस्कुट का वितरण किया।

# चित्रकूट में भैरव बाबा के दर्शन करने आए श्रद्धालुओं पर जानलेवा हमला, 4 गिरफ्तार

**सतना।** जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल सेजवार स्थित भैरव बाबा मंदिर में श्रद्धा और भक्ति का माहौल उस समय दहशत में बदल गया,जब स्थानीय दबंगों ने दर्शनार्थियों के एक परिवार पर लाठी-डंडों और चाकू से हमला कर दिया। इस सनसनीखेज वारदात का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मुख्य आरोपी सहित चार लोगों को सलाखों के पीछे भेज दिया है।

### विवाद की जड़ और हमलाः

घटना 23 मार्च की है। उत्तर प्रदेश के बांदा जिले के अधरोड़ी निवासी गंगाराम प्रजापति अपने परिवार के साथ मंदिर में कन्या भोज कराने आए थे। पूजा के बाद मेले में घूमते समय स्थानीय युवकों से मामूली धक्का-मुक्की हो गई। यह छोटी सी बात इतनी बढ़ गई कि आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और देखते ही देखते हथियारों से हमला बोल दिया।



### पसली में घोंपा चाकू

आरोप है कि मुख्य आरोपी रविकांत त्रिपाठी उर्फ गोली ने गंगाराम की बाईं पसली के नीचे चाकू से प्राणघातक वार किया। वहीं उसके साथी तुषार तिवारी,कुलदीप पांडेय और हिमांशू उपाध्याय ने लाठी-डंडों से परिवार को बेरहमी से पीटा। जब पीड़ित का भाई और पिता बीच-बचाव करने आए,तो उन्हें भी नहीं बख्शा गया। जाते-जाते आरोपियों ने सेजवार तालाब के पास पीड़ित की ट्रैक्टर-ट्रॉली रोककर दोबारा हमला किया और जान से मारने की धमकी दी। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होते ही चित्रकूट पुलिस हरकत में आई। थाना प्रभारी ने टीम गठित कर दबिश दी और चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से वारदात में इस्तेमाल चाकू और डंडे बरामद किए गए हैं।आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद केंद्रीय जेल सतना भेज दिया गया है।

# मेयर इन काउंसिल की बैठक में हंगामा दूषित पानी पर पार्षद ने मेज पर फेंका जल

**सतना।** बुधवार को नगर निगम में आयोजित 'मेयर इन काउंसिल' की बैठक हंगामेदार रही। बैठक का मुख्य एजेंडा बजट पर चर्चा करना था,लेकिन शहर की बदहाल जल सप्लाई व्यवस्था ने सदन का माहौल गरमा दिया।

### दूषित पानी पर पार्षद का 'मौन' आक्रोश

शहर के कई वार्डों में बीते कई दिनों से हो रही गंदा पानी की सप्लाई को लेकर पार्षदों ने तीखी नाराजगी जाहिर की। हद तो तब हो गई जब शिकायतों पर अधिकारियों की उदासीनता से क्षुब्ध होकर एक पार्षद ने विरोध स्वरूप अपनी टेबल पर रखा पानी फेंक दिया। विरोध करने वाले पार्षद इन दिनों नवरात्रि के उपलक्ष्य में 'मौन व्रत' पर हैं। उन्होंने अपनी बात लिखकर अधिकारियों के सामने रखी और पूछा कि व्हाट्सएप ग्रुप में लगातार शिकायतों के बाद भी सुधार क्यों नहीं हुआ? उन्होंने गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि दूषित पानी से कोई अनहोनी होती है,तो



इसका जिम्मेदार कौन होगा?

### बजट और विकास कार्यों पर मंथन

बैठक में आगामी 30 और 31 मार्च को संभावित नगर निगम परिषद की बैठक के लिए बजट प्रस्तावों पर चर्चा की गई। इसके अलावा शहर के प्रमुख विकास कार्यों पर भी सहमति बनी। मार्ग को सुगम बनाने के का निर्णय लिया गया। बालकिशन दास वाटिका के जीर्णोद्धार और अन्य पुराने लंबित मुद्दों पर विस्तार से बात हुई।

### महापौर और कमिश्नर के बीच 'शीत युद्ध' उजागर

बैठक में प्रशासन और निर्वाचित प्रतिनिधियों के बीच का तनाव भी साफ नजर आया।एक अधिकारी की नियुक्ति के मुद्दे पर महापौर योगेश ताम्रकार और नगर निगम कमिश्नर के बीच तीखी बहस हुई। कमिश्नर द्वारा नियमों का हवाला दिए जाने पर स्थिति असहज हो गई। गौरतलब है कि दोनों के बीच लंबे समय से 'शीत युद्ध' की स्थिति बनी हुई है,जिसकी शिकायत हाल ही में कलेक्टर से भी की गई थी।

# उचेहरा में अज्ञात वाहन ने बकरियों के झुंड को रौंदा

### 12 की मौत, पशुपालकों में भारी आक्रोश

**सतना।** जिले के उचेहरा थाना अंतर्गत परसमनिया चौकी क्षेत्र के बिचवा गांव में एक बेकाबू रफ्तार वाहन ने मूक पशुओं के साथ क्रूरता की सारी हदें पार कर दीं। एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने सड़क किनारे चर रहे बकरियों के झुंड को बुरी तरह कुचल दिया,जिससे मौके पर ही एक दर्जन से अधिक बकरियों की दर्दनाक मौत हो गई।प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बिचवा गांव के पास पशुपालक बहोरी पाल,कमलेश पाल और विजय कोल की बकरियां सड़क किनारे चर रही थीं। इसी दौरान एक अज्ञात वाहन बेहद तेज गति से आया और सीधे झुंड में घुस गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बकरियां हवा में उछलकर





दूर जा गिरीं और कई वाहन के नीचे दबकर मर गईं। वारदात को अंजाम देने के बाद चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया।

पशुपालकों का आर्थिक नुकसान इस हादसे ने गरीब पशुपालकों की कमर तोड़ दी है। उनके लिए ये बकरियां ही जीविका का मुख्य साधन थीं। सूचना मिलते ही परसमनिया चौकी पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया और मृत पशुओं का पंचनामा तैयार किया। पुलिस अब आसपास के रास्तों और ढाबों पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि हत्यारे वाहन की पहचान की जा सके। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित पशुपालकों के लिए मुआवजे की मांग की है।

# उचेहरा में बड़ी चोरी: छत के रास्ते घर में घुसे चोर 15 लाख के जेवर और नकदी पर साफ किया हाथ



**सतना।** जिले के उचेहरा थाना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 5 में एक बड़ी चोरी की वारदात से सनसनी फैल गई है। स्थानीय व्यापारी संतोष ताम्रकार के घर को निशाना बनाते हुए अज्ञात चोरों ने करीब 15 लाख रुपये के सोने के जेवरात और 50 हजार रुपये नकद पार कर दिए। चौंकाने वाली बात यह है कि वारदात के वक्त घर में बच्चे सो रहे थे,लेकिन किसी को भनक तक नहीं लगी। वारदात का तरीका

बताया जा रहा है कि बदमाश घर की छत के रास्ते अंदर दाखिल हुए। उन्होंने सीढ़ियों का दरवाजा खोलकर कमरों में प्रवेश किया। संतोष ताम्रकार जब सुबह 6:45 बजे सोकर उठे,तो उन्हें घर का सामान अस्त-व्यस्त मिला। अलमारी के ताले टूटे हुए थे और उसमें रखे लगभग 83 ग्राम सोने के जेवर गायब थे।सीढ़ियों पर ज्वेलरी के खाली डिब्बे बिखरे मिले,जिससे यह स्पष्ट है कि चोरों ने घर के अंदर ही जेवर डिब्बों से



निकालकर बैग में भरे थे।

### फॉरेंसिक टीम ने जुटाए सबूत

सूचना मिलते ही उचेहरा पुलिस और सतना से आई फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर फिंगरप्रिंट्स और अन्य साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस को शक है कि इस वारदात में किसी जानकार या रेकी करने वाले गिरोह का हाथ हो सकता है। फिलहाल आसपास के सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है और संदिग्धों से पूछताछ जारी है। इस बड़ी चोरी ने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं।

# रीवा रोड में सेंट्रल लॉक तोड़कर दुकान में घुसा नकाबपोश, नकदी और लैपटॉप लेकर फरार

**सतना।** शहर के कोलगवां थाना क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद हैं। रीवा रोड पर स्थित 'सतना कार डेकोर' नामक दुकान में एक शातिर चोर ने फिल्मी अंदाज में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर ने दुकान का मुख्य सेंट्रल लॉक तोड़कर भीतर प्रवेश किया और हजारों की नकदी समेत कीमती लैपटॉप लेकर रफूचक्कर हो गया।

### सीसीटीवी में कैद हुई 'गुंडागर्दी'

दुकान के संचालक अभिलाष कुमार शुक्ला ने बताया कि वे सोमवार रात 9 बजे दुकान बंद कर घर गए थे। सुबह जब दुकान पहुंचे तो शटर का ताला टूटा मिला। अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखने पर पता चला कि एक नकाबपोश



युवक शटर उठाकर रेंगते हुए अंदर दाखिल हुआ। वीडियो में वह बड़े ही इत्मीनान से काउंटर की दराज खंगालता और सामान चेक करता नजर आ रहा है।

### पुलिस जांच शुरू

चोर ने काउंटर से 10 हजार रुपये नकद और एक बैग में रखा लैपटॉप चोरी किया है। पीड़ित की शिकायत पर कोलगवां पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदेही की कद-काठी और उसके आने-जाने के रास्तों की मैपिंग कर रही है। स्थानीय व्यापारियों ने क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है ताकि इस तरह की वारदातों पर अंकुश लगाया जा सके।

# नाबालिग का अपहरण व दुष्कर्म मामले का मुख्य आरोपी गिरफ्तार, 4 माह से था फरार

**मैहर।** नाबालिग के अपहरण और दुष्कर्म के गंभीर मामले में फरार चल रहे मुख्य आरोपी को मैहर जिले की ताला थाना पुलिस ने आखिरकार गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पिछले करीब चार महीनों से फरार था,जिसकी लगातार तलाश की जा रही थी। पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ.चंचल नागर के निर्देशन एवं एसडीओपी अमरपाटन ख्याति मिश्रा के नेतृत्व में थाना प्रभारी ताला निरीक्षक महेन्द्र मिश्रा की टीम ने यह कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार 17 दिसंबर को पीड़िता के परिजन ने नाबालिग के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जांच के दौरान पीड़िता को बरामद किया गया, जिसने बयान में बताया कि गोविंद यादव ने अपने साथियों पिंटू पाव और बंटा कोल के साथ मिलकर उसका अपहरण किया और




महाराष्ट्र ले जाकर दुष्कर्म किया।

**जेल भेजा गया आरोपी**

पुलिस ने मामले में बीएनएस, पॉक्सो एक्ट और एससी-एसटी एक्ट की विभिन्न धाराएं जोड़कर जांच शुरू की थी। सह-आरोपी पहले ही गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजे जा चुके हैं। मुख्य आरोपी गोविंद यादव (20 वर्ष),निवासी धौसड़ा,को 24 मार्च को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे भी न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

# एकेएस वाणिज्य विभाग के प्राध्यापक शिवम पांडेय का शोध प्रकाशित

**सतना।** एकेएस विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग के प्राध्यापक शिवम रामबिहारी पांडेय का महत्वपूर्ण शोध प्रकाशित हुआ है। उन्होंने "प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड के संदर्भ में कर्मचारी प्रशिक्षण और विकास (सीमेंट प्रभाग,सतना)" विषय पर अध्ययन प्रस्तुत किया है। शोध में बताया गया है कि कर्मचारी प्रशिक्षण और विकास किसी भी संस्था की उत्पादकता व कार्यकुशलता बढ़ाने में अहम भूमिका निभाते हैं। अध्ययन के तहत प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड के सतना स्थित संयंत्र में संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों,उनकी प्रभावशीलता तथा कर्मचारियों के प्रदर्शन पर उनके असर का विश्लेषण किया गया। अध्ययन में यह भी उल्लेख किया गया है कि कंपनी प्रदर्शन आधारित कार्य संस्कृति को बढ़ावा देती है,जिससे निरंतर सीखने की प्रवृत्ति और परिचालन उत्कृष्टता को मजबूती मिलती है।



# वीआईपी दर्शन के नाम पर श्रद्धालुओं से दलाली, पुलिस के हत्थे चढ़े 4 दलाल



**सतना।** चैत्र नवरात्र मेला के दौरान मंदिर में आसानी से दर्शन कराने का झांसा देकर बाहर के श्रद्धालुओं से वसूली करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश कर मैहर कोतवाली पुलिस ने 4 आरोपियों को पकड़ लिया है,जिनको सक्षम न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि मंगलवार को छत्तीसगढ़ को एक परिवार ट्रेन से रेलवे स्टेशन पहुंचने के बाद ऑटो से मंदिर जा रहा था,तभी सचिन पटेल नामक युवक ने उन्हें वीआईपी दर्शन कराने का झांसा देते हुए प्रति व्यक्ति 500 रुप का शुल्क लगने की बात कही,तो यात्री उसकी बातों में आ गए और 6 लोगों के हिसाब से पैसे भी दे दिए,लेकिन जैसे ही रोपवे पर पहुंचे तो वहां तैनात सुरक्षाकर्मियों ने सभी को रोक लिया। इस दौरान पूछताछ में दर्शन के नाम पर दलाली की बात सामने आई,जिस पर कंट्रोल रूम को सूचित किया गया,लिहाजा पुलिस हरकत में आ गई और सचिन समेत अन्य दलालों की तलाश में जुट गई। खोजबीन में दलाली गिरोह में शामिल अजीत पुत्र रामसुंदर कुशवाहा 30वर्ष,निवासी पोंड़ी,आलोक पुत्र रोहिणी शुक्ला 20 वर्ष,निवासी ओफरी,थाना देहात,पंकज पुत्र रामप्रसाद विश्वकर्मा 24 वर्ष,निवासी झुरखुलू,थाना उचेहरा और रोहित पुत्र धीरेन्द्र भट्ट 25 वर्ष,निवासी हरनामपुर,पुलिस की गिरफ्त में आ गए,जिनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर सक्षम न्यायालय में पेश किया गया,जहां से चारों को जेल भेज दिया गया।

**आम सूचना**

हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि मैं अनंत प्रकाश पाण्डेय पुत्र स्व. श्री भृगुवंश मणि पाण्डेय (बी.एम. पाण्डेय) जन्मतिथि 27.07.2005 निवासी कल्याण पेट्रोल पम्प के पीछे, पन्ना रोड, उमरी वार्ड नं. 2, सतना म.प्र. का निवासी हूं। मेरे अंकसूची, आधार कार्ड में मेरे पिता का नाम बी.एम. पाण्डेय दर्ज है जबकि मेरे पिता के समस्त दस्तावेजों में भृगुवंश मणि पाण्डेय लिखा हुआ है। बी.एम. पाण्डेय एवं भृगुवंश मणि पाण्डेय दोनों नाम मेरे पिता के ही नाम है। चूंकि प्रचलन की भाषा में उनका संक्षिप्त नाम बी.एम. पाण्डेय चलन में था इसलिये मेरी अंकसूची एवं आधार कार्ड में मेरे पिता का नाम बी.एम. पाण्डेय लिख हुआ है। अतः आज दिनांक से मेरे पिता के नाम को बी.एम. पाण्डेय के स्थान पर भृगुवंश मणि पाण्डेय के नामसे जाना, माना व समझा जावे तथा पढ़ा जावे।

भवदीय-अनंत प्रकाश पाण्डेय
तनय स्व. श्री भृगुवंश प्रसाद पाण्डेय

# सुनवानी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खलौन में घटित हत्या के प्रयास के मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुये 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

## जमीनी विवाद एवं पुरानी रंजिश के चलते कुल्हाड़ी, डण्डों से किया गया था हमला

पन्ना।

पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन में थाना सुनवानी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खलौन में घटित हत्या के प्रयास के गंभीर मामले का त्वरित एवं सफल खुलासा करते हुए 24 घंटे के भीतर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। दिनांक 23/03/2026 को फरियादी भागीरथ पटेल निवासी ग्राम खलौन, थाना सुनवानी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसी दिन प्रातः लगभग 07:30 बजे ग्राम खलौन के प्रीतम पटेल, छन्नु पटेल, हक्कू पटेल एवं मम्मु पटेल ने जमीनी विवाद एवं पुरानी रंजिश के चलते उसके समधी हन्नु पटेल पिता प्यारेलाल पटेल (उम्र 68 वर्ष, निवासी गढ़ीकरहिया) पर हत्या करने की नीयत से कुल्हाड़ी एवं डंडों से हमला कर दिया। आरोपियों द्वारा सिर पर जोरदार प्रहार किए जाने से हन्नु पटेल गंभीर रूप से घायल हो गए एवं बीच-बचाव करने पहुंचे फरियादी भागीरथ पटेल को भी आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देते हुए मारने दौड़े। शोर-शराबा सुनकर ग्रामीणों के एकत्रित



होने पर आरोपी मौके से फरार हो गए। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना सुनवानी में अपराध क्रमांक 13/2026 धारा 109(1), 118(1), 351(3), 3(5) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वन्दना सिंह चौहान एवं एस.डी.ओ.पी पवई भावना दांगी के मार्गदर्शन मे एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा घटनास्थल का सूक्ष्म निरीक्षण किया गया, साक्ष्य संकलित किए गए एवं आसपास के ग्रामीणों से गहन पूछताछ की गई। साथ ही क्षेत्र में मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर आरोपियों की तलाश हेतु संभावित स्थानो मे लगातार दबिश दी गई। पुलिस टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्यों एवं स्थानीय सूचना तंत्र का प्रभावी उपयोग करते हुए आरोपियों की विश्वसनीय मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी प्रीतम पटेल, छन्नु पटेल एवं मम्मु पटेल भड़ा हार क्षेत्र में छिपे हुए हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी सुनवानी निरी. हरवचन कुड़ापे के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर तीनों आरोपियों को हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपराध करना स्वीकार किया, जिसके पश्चात उन्हें विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी एवं डंडे जप्त किए गए हैं। प्रकरण में एक अन्य आरोपी हक्कू पटेल घटना दिनांक से फरार है, जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस द्वारा लगातार प्रयास जारी हैं।

**नाम पता आरोपी**- 1. प्रीतम पटेल पिता मिहीलाल पटेल, उम्र 40 वर्ष, निवासी ग्राम खलौन 2. मम्मु उर्फ रुपलाल पटेल पिता मिहीलाल पटेल, उम्र 30 वर्ष, निवासी ग्राम खलौन, 3. छन्नू पटेल पिता मिहीलाल पटेल, उम्र 60 वर्ष, निवासी ग्राम खलौन।

**सराहनीय योगदान**- उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सुनवानी निरी. हरवचन सिंह कुडापे, सउनि प्रेमलाल शर्मा, प्र.आर. सेवकलाल प्रजापति, अजेश बेदी, रामकुमार रजक, लखन पटेल, आर. भरतमिलाप एवं महिला आर. किरण का सराहनीय योगदान रहा।




## जिला स्वास्थ्य एवं पोषण समिति की हुई बैठक

पन्ना।

कलेक्टर ऊषा परमार की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य एवं पोषण समिति की बैठक संपन्न हुई। इस अवसर पर विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में बेहतर प्रगति लाने के लिए निर्देशित किया गया। जिला कलेक्टर ने किशोरी बालिकाओं के एचपीवी वैक्सीनेशन कार्य को प्राथमिकता के साथ क्रियान्वित करने के निर्देश दिए। साथ ही पात्र आयु वर्ग की बालिकाओं को आगामी टीकाकरण सत्र में जागरूक व प्रेरित कर लाभांवित करने के लिए निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि टीकाकरण महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील कार्य है। इसलिए मैदानी स्वास्थ्य कर्मचारियों को जिम्मेवारीपूर्वक दायित्व निर्वहन के लिए निर्देशित किया जाए। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रगति में अपेक्षित सुधार न होने पर जिम्मेवारी तय कर कड़ी कार्यवाही होगी। समस्त बीएमओ को एचपीवी टीकाकरण कव्हरेज के संबंध में काउंसलिंग तथा जनजागरूकता संबंधी कार्यवाही के निर्देश भी दिए गए। जिला कलेक्टर ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा अपने मूल दायित्वों का गंभीरता के साथ निर्वहन किया जाए। आशा एवं एएनएम के कार्यों की सतत मानीटरिंग भी सुनिश्चित हो। दस्तक अभियान सहित एनीमिया फॉलोअप, टीबी परीक्षण, गर्भवती माताओं की अनिवार्य एएनसी जांच, शिशु एवं मातृ मृत्यु दर में कमी लाने का प्रयास किया जाए। बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य व महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा समन्वित प्रयासों से वांछित उपलब्धि के संबंध में निर्देश दिए गए। परिवार कल्याण कार्यक्रम के क्रियान्वयन और आयुष्मान भारत योजना के तहत वरिष्ठ नागरिकों के कार्ड बनाने, ग्रीष्मकाल में लू से बचाव संबंधी जानकारियों के प्रचार-प्रसार और उल्टी दस्त एवं अन्य संक्रामक बीमारियों से बचाव की पूर्व तैयारियों के संबंध में भी चर्चा की गई। इसके अलावा आगामी माह से समस्त स्वास्थ्य कर्मचारियों के वेतन आहरण के लिए सार्थक एप से उपस्थिति को अनिवार्य करने, जनपद पंचायत स्तर पर समन्वय कर समग्र आईडी बनवाने तथा स्वास्थ्य केन्द्रों के माध्यम से मिलने वाली सेवाओं की व्यापक रूप से सुलभ उपलब्धता के संबंध में भी निर्देशित किया गया। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश प्रसाद तिवारी सहित समस्त बीएमओ एवं परियोजना अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## गोपियों का प्रेम सांसारिक नहीं, शुद्ध आध्यात्मिक था -श्री भरत जी महाराज





पन्ना।

श्री जुगल किशोर मंदिर प्रांगण में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिवस में चित्रकूट से पधारे भरत जी महाराज ने भगवान कृष्ण के सुंदर चरित्रों का वर्णन किया उन्होंने बताया कंस अहंकार का प्रतीक है और भगवान कृष्ण जैसे ही वहां पहुंचे उन्होंने अहंकार को समाप्त कर दिया। श्बेगि सो मै डारिहउं उपारी। उद्धव गोपी संवाद सुनाते हुए उन्होंने कहा कि गोपियों का प्रेम सांसारिक नही, शुद्ध आध्यात्मिक था,जीवन के समस्त रिश्तों को उन्होंने भगवान के चरणों मे समर्पित कर दिया था। श्ये यथा माम् प्रपद्यंते तांस्तथैव भजाम्यहम की व्याख्या करते हुए उन्होंने कहा कि भक्त जिस भाव से भगवान को भजता है भगवान उसको उसी तरह प्राप्त हो जाते हैं। रुक्मणी विवाह की पावन कथा सुनाते हुए उन्होंने कहा कि रुक्मिणी अर्थात लक्ष्मी चतुर्भुज को ही प्राप्त होती है अर्थात जो उद्यमशील होगा उसी को लक्ष्मी प्राप्त होगी। भगवान कृष्ण ने रुक्मिणी के आवाहन पर उनके स्वयंवर के पूर्व ही पहुंचकर के रुक्मिणी का परिस्थिति के अनुसार हरण किया क्योंकि यह कृष्ण का सिद्धांत है जिस समय जिस कर्म की आवश्यकता है उसी को किया जाना चाहिए। श्शठे शाठ्यं समाचरेतश का प्रतिपादन करते हुए उन्होंने कहा की द्वारकाधीश कृष्ण इसी के पोषक हैं इसीलिए कृष्ण की राजनीति विश्व में सर्वश्रेष्ठ है। रावत परिवार के द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा श्रवण करने के लिए जुगल किशोर जी के प्रांगण में पन्ना शहर एवं पूर्ण क्षेत्र से भारी संख्या मे श्रद्धालु उपस्थित हो रहे हैं और रसमयी कथा का आनंद ले रहे हैं। कलियुग में प्रभु कृपा की प्राप्ति का एकमात्र साधन सत्संग ही है, अन्य कुछ भी नही। अंत में रुक्मणी विवाह की सुंदर दिव्या झांकियां का भी दर्शन श्रोता लोगों ने किया और फिर आरती और प्रसाद का वितरण हुआ और आयोजक परिवार एवं जुगल किशोर मंदिर प्रबंध समिति ने सभी स्त्रोतों का आभार व्यक्त किया।आज कथा के अंतर्गत सुदामा चरित्र एवं परीक्षित मोक्ष की कथा होगी एवं कथा का विश्राम होगा। कल हवन पूर्णाहुति और भंडारे का कार्यक्रम होगा।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक
## शासकीय सेवकों की लंबित मांग एवं समस्याओं के त्वरित समाधान के दिए गए निर्देश

पन्ना।




कलेक्टर ऊषा परमार ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक में शासकीय सेवकों की विभिन्न मांग एवं समस्याओं के समयावधि में तत्परतापूर्वक निराकरण के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार अधिकारी-कर्मचारियों को क्रमोन्नति एवं समयमान वेतनमान सहित विभिन्न वित्तीय हितलाभ व सुविधाओं का लाभ समयबद्ध रूप से प्रदान किया जाए। किसी भी स्थिति में जायज मागों का निराकरण समय पर हो। समिति की बैठक में विभिन्न कर्मचारी संघ के अध्यक्ष एवं प्रतिनिधियों से चर्चा कर आवश्यक सुझाव प्राप्त किए गए। साथ ही लंबित समस्याओं के निराकरण के संबंध में आश्वस्त किया गया। कलेक्टर श्रीमती परमार द्वारा कर्मचारी संघों से प्राप्त संयुक्त एजेन्डा के बिंदुओं पर आवश्यक चर्चा की गई। इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित स्वास्थ्य, स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा सहित व अन्य विभाग प्रमुखों से कार्यालय एवं अधीनस्थ कार्यालयों में पदस्थ कर्मचारियों को मिलने वाले शासकीय सेवा लाभ संबंधी जानकारी ली गई। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग अंतर्गत संकुल स्तर पर कर्मचारी समस्या निवारण शिविर लगाया जाए। शिक्षकों को 6वें एवं 7वें वेतनमान सहित क्रमोन्नति एरियर का भुगतान किया जाए। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में अटैच लिपिकों को आवश्यकतानुसार उनके मूल पदस्थापना स्थल में भेजा जाए। साथ ही विभिन्न विभागों में कर्मचारी परामर्शदात्री की बैठकों का नियमित रूप से आयोजन हो। इसके अतिरिक्त वरिष्ठ अधिकारी एवं कार्यालय स्तर से निर्गमित कर्मचारी हितैषी पत्रों को कर्मचारी संगठनों को प्रेषित करने, कक्षा 5वीं एवं 8वीं परीक्षा के केन्द्राध्यक्षों को भुगतान, अंग्रेजी, गणित एवं विज्ञान शिक्षकों को बीएलओ कार्य से मुक्त रखने, सभी कर्मचारियों को सेवा पुस्तिका की सत्यापित छायाप्रति उपलब्ध कराने, अधिकारी-कर्मचारी संयुक्त मोर्चा कार्यालय हेतु एक कक्ष उपलब्ध कराने तथा उच्च माध्यमिक शिक्षक विमल श्रीवास्तव को मूल पदांकित संस्था में शैक्षणिक कार्य के लिए पदांकित करने संबंधी जिला कलेक्टर के 5 अगस्त 2022 के आदेश का पालन सुनिश्चित कराने के संबंध में भी विचार-विमर्श किया गया। जिला कलेक्टर ने समिति की बैठक में कहा कि शासकीय सेवकों के संयुक्त संचालक कोष लेखा कार्यालय स्तर पर लंबित वेतन निर्धारण की अविलंब कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। एक स्थान पर लंबी अवधि से पदस्थ लोकसेवकों को अन्यत्र शाखा में पदस्थ करने तथा समिति की समय पर बैठक आयोजन सहित कर्मचारी हितैषी अन्य समस्याओं के निराकरण के लिए भी कहा।

### आउटसोर्स कर्मियों को पारदर्शिता के साथ सुनिश्चित हो भुगतान

कलेक्टर ने कहा कि विभिन्न विभागों में आउटसोर्स एजेंसी के माध्यम से नियोजित कर्मचारियों को गाइडलाइन अनुसार पूरी पारदर्शिता के साथ भुगतान सुनिश्चित किया जाए। इन कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से ईपीएफ एवं बीमा का लाभ भी मिले। स्वास्थ्य विभाग की आउटसोर्स एजेन्सी स्काईबुल कंपनी द्वारा कर्मियों को देय लंबित स्वत्वों की राशि को तत्काल जमा कराया जाए। हर कार्यालय प्रमुख द्वारा आउटसोर्स एजेंसी के माध्यम से संचालित कार्यों पर नियंत्रण रखा जाए। इस संबंध में जिला कोषालय अधिकारी को टीम गठित कर आवश्यक जांच के निर्देश भी दिए गए। कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने निश्चित समय सीमा में वेतन निर्धारण व अनुमोदन की प्रक्रिया पूर्ण कराई जाकर संबंधित शासकीय सेवकों को देय वेतन, भत्ता और एरियर राशि का भुगतान सुनिश्चित कराने की मांग रखी। जिला पंचायत के लेखाधिकारी एवं अजाक्स संघ के रामप्रताप प्रजापति ने नवीन कर्मचारियों के पदभार ग्रहण तिथि से अविलंब एम्प्लाई कोड जनरेशन, अधिकारी-कर्मचारियों के वेतन निर्धारण व पे फिक्सेशन की कार्रवाई तय समय पर पूर्ण करने तथा आउटसोर्स कंपनी के माध्यम से आरक्षित वर्ग के कर्मियों के नियोजन की बात भी कही। बैठक में कर्मचारी संघ के अध्यक्ष, सचिव व कोषाध्यक्ष के स्थानांतरण से छूट की सुविधा का दो पदावधि तक पालन सुनिश्चित कराने पर भी विचार विमर्श किया गया। बैठक में जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, अपर कलेक्टर मधुवंतराव धुर्वे, जिला कोषालय अधिकारी गौरव गुप्ता, सहायक संचालक शिक्षा अमित जैन, उप संचालक कृषि ओ.पी. तिवारी भी उपस्थित रहे।



## पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान की तैयारी बैठक संपन्न, 30-31 मार्च को दो दिवसीय शिविर

अमानगंज, निप्र।

भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत अमानगंज मंडल में दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक मंडल अध्यक्ष डॉ. प्रशांत चतुर्वेदी की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें 30 एवं 31 मार्च को आयोजित होने वाले प्रशिक्षण शिविर की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की गई।बैठक में संगठन द्वारा आयोजित कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए प्रत्येक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं। साथ ही अभियान को सफल बनाने के लिए घर-घर संपर्क कर अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष डॉ. प्रशांत चतुर्वेदी, नगर निकाय अध्यक्ष श्रीमती सारिका खटीक, विशाल सिंह भदौरिया, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष अमित द्विवेदी, उपाध्यक्ष राजदीप गोस्वामी, मीडिया प्रभारी प्रेम नारायण शर्मा, अमित चेनपुरिया, रामू सोनी, सरपंच विजय सोनी, कीर्तिदान सिंह, आनंद सिंह, कमल जैन सहित विभिन्न पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी कार्यकर्ता गांव-गांव और घर-घर जाकर अभियान की जानकारी देंगे तथा प्रशिक्षण शिविर की तैयारियों को अंतिम रूप देंगे। बैठक के अंत में मंडल अध्यक्ष द्वारा सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया गया।

## संकल्प से समाधान अभियान का खण्ड स्तरीय शिविर का आयोजन

पन्ना।




प्रदेश सरकार द्वारा 12 जनवरी से 31 मार्च 2026 तक एक प्रमुख जन कल्याणकारी पहल संकल्प से समाधान अभियान का खन्डस्तरीय तृतीय चरण का आयोजन शाहनगर जनपद पंचायत सभागार कक्ष में आयोजित कराया गया कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य केंद्र और राज्य की विभिन्न योजनाओं का लाभ पारदर्शी एवं डिजिटल तरीके से पात्र लाभार्थियों तक पहुंचना है। इस अभियान के अंतर्गत आने वाली सभी योजनाओं के लाभ से हितग्राहियों को लाभान्वित कराया गया। कार्यक्रम में मंचासीन मुख्य अतिथि शाहनगर जनपद अध्यक्ष आशीष खरे, शाहनगर तहसीलदार श्री मंति कोमल सिह जनपद सीईओ भगवान सिह बीपीओ अजय दुबेदी की मौजूदगी मे हितग्राहियों को मौके पर संबन्धित योजनाओं के प्रमाण पत्र दिये गये जिसमें नवीन पेंशन धारियों को पेन्शन योजना अवास हितग्राहियों को अवास की पहली किश्त का लाभ दिलाया गया साथ ही संबल योजना के हितग्राहियों को भी इपीओ प्राप्त कर भुगतान की कार्यवाही प्रदान की गई। एवं पात्र विकलांग हितग्राहियों को ट्राय साइकिल भी प्रदान की गई। कार्यक्रम में कार्यालयीन जनपद स्टाप एवं खण्ड स्तरीय अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## गुनौर में राष्ट्रीय सेवा योजना पखवाड़ा का शुभारंभ, विद्यार्थियों में दिखा उत्साह

गुनौर।

शासकीय महाविद्यालय गुनौर के तत्वाधान में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) पखवाड़ा का भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक एवं जनजागरूकता कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई, जिसमें विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की प्राचार्या सुश्री पानकुँवर लोधी के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। उन्होंने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को समाज सेवा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि एनएसएस केवल एक योजना नहीं, बल्कि युवाओं में सेवा भाव और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का एक सशक्त माध्यम है। पखवाड़े के दौरान स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, रक्तदान जागरूकता, ग्राम भ्रमण और जनहित से जुड़े कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। विद्यार्थियों में इस आयोजन को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। कार्यक्रम के प्रारंभ में एनएसएस स्वयंसेवकों ने समाज सेवा का संकल्प लिया और देशहित में कार्य करने की शपथ भी ली। महाविद्यालय परिवार ने आशा व्यक्त की कि यह पखवाड़ा विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### खबर संक्षेप

## सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय पन्ना के छात्र-छात्राओं ने दिखाया शानदार प्रदर्शन



पन्ना। मध्य प्रदेश में राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल द्वारा कक्षा पांच और आठवीं के परीक्षा परिणाम हाल ही में घोषित किए गए। इस वर्ष सरस्वती शिशु मंदिर उत्तर माध्यमिक विद्यालय पन्ना के छात्र देवेंद्र सिंह और दिव्यांशी सिंह ने अपनी उत्कृष्ट पढ़ाई का परिणाम पेश किया है। देवेंद्र सिंह पिता राजेंद्र सिंह लोधी ने 73.66 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी मेहनत का परिचय दिया, वहीं दिव्यांशी सिंह पिता राजेंद्र सिंह लोधी ने 90.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय और परिवार का गौरव बढ़ाया। इन शानदार परिणामों पर राष्ट्रीय लोधी युवा महासभा पन्ना एवं लक्ष्य शिक्षा एवं राहत कोष फाउंडेशन पन्ना ने दोनों छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की है और उनकी मेहनत की सराहना की है। विद्यालय प्रशासन एवं अभिभावक भी छात्रों की इस उपलब्धि पर गर्व महसूस कर रहे हैं और उन्हें आने वाले शैक्षणिक वर्षों में और भी सफलता की शुभकामनाएँ दी हैं।

## दर्दनाक हादसा, तालाब में डूबने से दो सगी बहनों की मौत, रेलवे की लापरवाही पर उठे सवाल



पन्ना। जिले से एक बेहद दर्दनाक हादसा सामने आया है, जहां ननिहाल आई दो सगी बहनों की तालाब में डूबने से मौत हो गई। यह हादसा सुनहरा गांव में हुआ, जहां रेलवे विभाग द्वारा खोदे गए एक गहरे तालाब ने दो मासूम जिंदगियां छीन लीं। मृत बच्चियों की पहचान 8 वर्षीय रागिनी और 6 वर्षीय आशिकी के रूप में हुई है, जो अमानगंज के रामपुर गांव से अपनी नानी के घर आई थीं। बुधवार दोपहर वे अपनी सहेलियों के साथ तालाब किनारे खेल रही थीं। इसी दौरान छोटी बहन का पैर फिसल गया और वह पानी में डूबने लगी। उसे बचाने के प्रयास में बड़ी बहन भी पानी में उतर गई, लेकिन दोनों ही गहरे पानी में समा गईं। घटना के बाद आसपास के लोगों ने दोनों बच्चियों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस हादसे के बाद मजदूरी कर परिवार चलाने वाले पिता कृष्णे आदिवासी और उनके परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। गांव में मातम पसरा हुआ है। वहीं, घटना ने रेलवे विभाग और प्रशासन की लापरवाही पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। बिना सुरक्षा इंतजाम के गहरे गड्ढे और तालाब छोड़ देना आम लोगों, खासकर बच्चों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जवाबदेही तय की जा रही है।

## महेन्द्र सिंह परमार को सौंपा अधीक्षक का दायित्व



पन्ना। कलेक्टर ऊषा परमार ने कलेक्ट्रेट पन्ना में पदस्थ अधीक्षक रामलखन अग्रवाल के आगामी 31 मार्च को सेवानिवृत्त होने के फलस्वरूप कलेक्टर कार्यालय में पदस्थ महेन्द्र सिंह परमार को वर्तमान कार्यों के साथ अधीक्षक कलेक्ट्रेट का दायित्व सौंपा है। इस संबंध में बुधवार को आदेश जारी किया गया।

## मध्य प्रदेश पंचायत परिषद की स्थाई समिति का गठन



पन्ना। नई दिल्ली स्थित अखिल भारतीय पंचायत परिषद के तत्वावधान में मध्य प्रदेश राज्य पंचायत परिषद की स्थाई समिति का गठन किया गया है। इस गठन में विभिन्न जिलों के सक्रिय जनप्रतिनिधियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ सौंपी गई हैं। अशोक सिंह सेगर को मध्य प्रदेश का अध्यक्ष बनाया गया है। उनके नेतृत्व में पन्ना जिला के बरबसपुर सरपंच विक्रम सिंह बुंदेला को प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा पन्ना जिले की दिया पंचायत के सरपंच राम शिरोमणि सिंह लोधी को प्रदेश मंत्री के पद पर मनोनीत किया गया है। इस नियुक्ति से पंचायत स्तर पर संगठन को और अधिक मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। संगठन के पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया है कि नई टीम ग्रामीण विकास और पंचायत सशक्तिकरण की दिशा में प्रभावी कार्य संपन्न करेगी। प्रदेश मंत्री नियुक्त होने पर राम शिरोमणि सिंह लोधी ने संगठन के नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## खबर संक्षेप

### किसान सेवा सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा मुख्यमंत्री का जन्मदिन



**छतरपुर।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा मध्यप्रदेश के तत्वाधान में किसान सेवा सप्ताह अभियान का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान 23 से 29 मार्च 2026 तक चलेगा। अभियान के अंतर्गत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के जन्मदिन के उपलक्ष्य में उन्नत किसानों का अभिनंदन, जल सेवा तथा स्वास्थ्य परीक्षण जैसे कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा जी के निर्देशानुसार सेवा पखवाड़े के तहत आज कृषि उपज मंडी छतरपुर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान उन्नत खेती एवं जैविक खेती करने वाले किसान भाइयों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश मंत्री किसान मोर्चा बॉबी राजा गठेवरा, परिवहन प्रकोष्ठ के पूर्व जिला संयोजक अशोक गोस्वामी, वरिष्ठ नेता महेश गिरी गोस्वामी, राजवर्धन, महामंत्री सोनी जी, पंडित सचिन निगम, मंडी कर्मचारी महेंद्र प्रजापति सहित किसान मोर्चा छतरपुर के कार्यकर्ता, मण्डी सचिव श्री निगम, किसान भाई और व्यापारी बंधु बड़ी संख्या में शामिल हुए। सभी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को जन्मदिन की शुभकामनाएं प्रेषित कीं और केक काटकर उनके जन्मदिन को यादगार बनाया। इस अवसर पर जैविक खेती करने वाले उन्नत किसानों को सम्मानित किया गया।

### हाईटेंशन लाईन की चपेट में आने से हार्वेस्टर जला, युवक घायल



**छतरपुर।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के कटिया लखरावन गांव में हाई टेंशन लाइन की चपेट में आने से हार्वेस्टर मशीन पूरी तरह जल गई और एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के समय खेत में आग भी लग गई, जिससे फसल को भी नुकसान पहुंचा।मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय किसान अपने खेत में हार्वेस्टर मशीन से फसल कटाई करा रहे थे। इसी दौरान हाई टेंशन विद्युत लाइन अचानक मशीन पर गिर गई। इससे मशीन में जोरदार चिंगारी निकली और पूरी मशीन आग की चपेट में आ गई। हार्वेस्टर चला रहे सोहिल अंसारी (बरेली, उत्तर प्रदेश निवासी) भी बिजली की चपेट में आ गए और गंभीर रूप से झुलस गए। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने घायल युवक को तुरंत छतरपुर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर बताते हुए उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर कर दिया। सोहिल अंसारी हार्वेस्टर मशीन पर मजदूरी करते थे।

### श्रीराम नवमीं पर शोभा यात्रा का भव्य स्वागत करेगा सेन समाज



**छतरपुर।** जिला सेन समाज आगामी 27 मार्च दिन शुक्रवार को मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के जन्म उत्सव पर नगर में निकलने वाली शोभायात्रा का भव्य स्वागत करेगी यह निर्णय जिला सेन समाज की बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला सेन समाज के अध्यक्ष हेमराज वर्मा ने की। इस अवसर पर तुलसीदास सेन, लल्लू राम सेन, नीरज सेन, राजेंद्र सेन, देवीदीन सेन, रामजीवन सेन,दिलीप सेन, नंदकिशोर वर्मा, अशोक सेन, किशोरी लाल सेन, राकेश सेन, संतोष कुमार सेन, शुभांशु सेन,नंदकिशोर सेन, इमरत सेन, हरिदास सेन, आनंद प्रकाश सेन सहित अन्य सजातीय बंधु उपस्थित रहे। सेन समाज के सचिव राजेंद्र सेन ने जानकारी जीते हुए बताया कि श्री रामनवमी के अवसर पर महल तिराहा गणेश मंदिर में दोपहर 12 सभी सजातीय बंधु एकत्रित होंगे तथा वहीं पर शोभा यात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा, जिसकी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। सभी सजातीय बंधनों से आग्रह है की अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

### सरस्वती स्कूल का 5वीं एवं 8वीं का शत-प्रतिशत रहा परिणाम

**छतरपुर।** राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा घोषित कक्षा 5वीं एवं 8वीं के परीक्षा परिणाम में सरस्वती शिशु मंदिर, सिंचाई कॉलोनी, छतरपुर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 100 प्रतिशत परिणाम दर्ज किया है।
सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए, जो संस्था की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं अनुशासन का प्रमाण है।

# 32 साल पुराने मामले में 10 हजार के ईनामी आरोपी को गौरिहार टीआई ने यूपी से पकड़ा



**छतरपुर।** एसपी अगम जैन के निर्देशन में पुराने लंबित आपराधिक मामलों के फरार अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे जिला स्तरीय न्याय पथ अभियान में पुलिस को फरार आरोपियों की गिरफ्तारी में सफलता प्राप्त हो रही है। न्याय पथ अभियान के तहत गौरिहार टीआई रूपनारायण पटैरिया ने 32 साल पुराने गृह भेदन, मारपीट के मामले में फरार 10 हजार का ईनामी वारंटी को यूपी बांदा से गिरफ्तार किया है। आरोपी 31 वर्ष पुराने वर्ष 1995 के हत्या के प्रयास के अपराध में भी लिप्त है। जानकारी के अनुसार आरोपी थाना गौरिहार अंतर्गत वर्ष 1994, 32 साल पुराने गृह भेदन, मारपीट संबंधी प्रकरण का आरोपी फरार चल रहा था, न्यायालय द्वारा स्थाई वारंट जारी किया गया था। पुलिस टीम द्वारा उक्त प्रकरण के फरार 10 हजार रु. के इनामी स्थाई वारंटी मुखिया अहिरवार पिता राम प्रसाद अहिरवार निवासी ग्राम करहिया थाना मौदहा जिला हमीरपुर को जिला बांदा क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त 31 वर्ष पुराने वर्ष 1995 के हत्या के प्रयास अपराध में भी लिप्त रहा है। विधिवत कार्यवाही कर अभियुक्त को न्यायालय पेश किया जा रहा है। उक्त कार्यवाही में एसडीओपी लवकुशनगर नवीन दुबे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गौरिहार थाना प्रभारी रूपनारायण पटेरिया, चौकी प्रभारी पहरा उप निरीक्षक देवेंद्र सिंह यादव, आरक्षक विकास सिंह, शिवम मिश्रा, संदीप पाठक, मुलायम सिंह, अखिलेश मिश्रा, दीप सिंह, शेरा सिंह एवं टीम की भूमिका रही।

### हत्या के प्रयास में शामिल 5 हजार का इनामी गिरफ्तार -

थाना खजुराहो क्षेत्र अंतर्गत पुरानी बस्ती में फायर करने एवं लोहे के रॉड, लाठी से मारपीट करने संबंधी फरियादी पीड़ित की रिपोर्ट पर थाना खजुराहो में भारतीय न्याय संहिता की हत्या के प्रयास एवं आयुक्त अधिनियम की धाराओं में अपराध किया गया था। पुलिस टीम द्वारा पूर्व में घटना के पश्चात आरोपी हरिश्चंद्र पटेरिया को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस अधीक्षक छतरपुर अगम जैन ने फरार अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु 5000 के इनाम की उद्घोषणा की थी। पुलिस टीम द्वारा घटना में सम्मिलित 5000 के इनामी में से दूसरे आरोपी राजेश पटेरिया पिता रामकिशन पटेरिया निवासी ग्राम पाय हाल निवास पुरानी बस्ती खजुराहो को गिरफ्तार किया गया अभियुक्त के पास से घटना में प्रयुक्त लोहे का रॉड बरामद किया गया। अभियुक्त राजेश पटेरिया हत्या का प्रयास, छेड़छाड़ एवं मारपीट जैसे 3 अपराधों में लिप्त है। घटना में सम्मिलित अन्य आरोपी राजाबाबू पटेरिया एवं अंशुल पटेरिया की तलाश की जा रही है। विधिवत कार्यवाही कर अभियुक्त को न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्रवाई में एसडीओपी खजुराहो मनमोहन सिंह बघेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी खजुराहो उप निरीक्षक एनके सोलंकी, उप निरीक्षक मारकंडेय मिश्रा, प्रधान आरक्षक बसंत शर्मा, पंकज तिवारी, आरक्षक सौरभ तिवारी, अरविंद लोधी एवं टीम की भूमिका रही।

# चाचा की संदिग्ध मौत पर भतीजे ने उठाए सवाल, एसपी ऑफिस में की शिकायत



**छतरपुर। जिले के प्रकाश बमोरी थाना क्षेत्र के ग्राम बदौरा कला निवासी सुनील खंगार ने अपने चाचा राजदेव खंगार की मौत को संदिग्ध बताते हुए जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में लिखित आवेदन दिया है। सुनील खंगार ने आरोप लगाया है कि गांव के ही नन्हू उर्फ भानुप्रताप यादव, उनके पुत्र अभिषेक यादव और छोटू यादव ने 21 मार्च 2026 को उनके चाचा राजदेव खंगार और उनकी गोद ली हुई पुत्री को स्कॉर्पियो वाहन में बैठाकर ले गए थे।**
दूसरे दिन रविवार को भानुप्रताप यादव चाचा का शव लेकर आए और बताया कि उनकी मृत्यु हो गई है। सुनील खंगार ने दावा किया कि उनके चाचा पूरी तरह स्वस्थ थे और किसी भी बीमारी से पीड़ित नहीं थे। उन्होंने आरोप लगाया कि भानुप्रताप यादव समेत अन्य आरोपियों ने पोस्टमार्टम नहीं करवाने दिया और शव को जबरन दफना दिया। जबकि हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार शव को दाह संस्कार किया जाना चाहिए था। भतीजे सुनील खंगार ने एसपी को दिए आवेदन में स्पष्ट रूप से कहा है कि उनके चाचा की हत्या कर दी गई और शव को हिंदू रीति-रिवाज के विपरीत जमीन में दफना दिया गया। उन्होंने मांग की है कि चाचा का शव निकालकर पोस्टमार्टम कराया जाए और आरोपियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए। सुनील खंगार ने बताया कि उन्होंने इस मामले में प्रकाश बमोरी थाने में रिपोर्ट लिखाने का प्रयास किया, लेकिन वहां उनकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई।

# हरपालपुर रेलवे स्टेशन पर दर्दनाक हादसा

### ट्रेन से गिरकर युवक की मौत, पानी पीने उतरा था प्लेटफॉर्म पर



**छतरपुर।** छतरपुर जिले के हरपालपुर रेलवे स्टेशन पर सोमवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया, जिसमें दिल्ली से महाकोशल एक्सप्रेस में सफर कर रहे 28 वर्षीय युवक शमसाद अंसारी की ट्रेन से गिरकर मौत हो गई।कुलपहाड़ (उत्तर प्रदेश) निवासी शमसाद अंसारी अपने घर लौट रहे थे। ट्रेन हरपालपुर स्टेशन पर रुकी तो वह पानी पीने के लिए प्लेटफॉर्म पर उतरे। पानी पीने के बाद जब वह दोबारा ट्रेन में चढने लगे, तभी उनका पैर फिसल गया और वह ट्रेन के नीचे आ गए।हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हरपालपुर पुलिस की मदद से उसे तुरंत स्थानीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से उसकी हालत और बिगडने पर जिला अस्पताल छतरपुर रेफर कर दिया गया। लेकिन रास्ते में ही युवक ने दम तोड़ दिया।घटना की सूचना मिलते ही परिजन जिला अस्पताल पहुंचे, जहां शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# बुजुर्ग की लाठी-डंडों से पिटाई, इलाज के दौरान मौत

### खेत जाते समय हमला, 60 वर्षीय की जान गई



**छतरपुर।** जिले के भगवा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम झिंगरी में मंगलवार शाम करीब 5 बजे एक 60 वर्षीय बुजुर्ग के साथ लाठी-डंडों से मारपीट का मामला सामने आया है। गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग की जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद गांव में सनसनी फैल गई है, वहीं पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार श्याम पिता शुक्का आदिवासी अपने खेत की ओर जा रहे थे, तभी रास्ते में गांव के ही पुष्पेंद्र सिंह ठाकुर ने उन्हें रोककर विवाद करते हुए लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में बुजुर्ग को गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया। उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।भगवा थाना उपनिरीक्षक उमंग सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पहले ही मारपीट का मामला दर्ज किया गया था। अब बुजुर्ग की मौत के बाद प्रकरण में धाराएं बढ़ाई जाएंगी। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है तथा आगे की वैधानिक कार्रवाई जारी है।



# सम्राट अशोक की जयंती पर कुशवाहा समाज ने निकाली रैली

**छतरपुर।** चक्रवर्ती सम्राट अशोक की जन्मजयंती पर कुशवाहा समाज ने शुक्रवार को भव्य रैली निकाली। रैली लवकुश मंदिर से शुरू हुई, जो शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए बस स्टैंड के समीप स्थित अशोक स्तंभ पर समाप्त हुई। यहां समाज के लोगों ने सम्राट अशोक को माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके योगदान को याद किया। इस अवसर पर कुशवाहा समाज के जिलाध्यक्ष मनोज कुशवाहा, पुष्पेंद्र कुशवाहा, बबलू कुशवाहा, सरजू कुशवाहा सहित समाज के सैकड़ों लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। रैली में शामिल लोगों ने सम्राट अशोक के आदर्शों, बौद्ध धर्म को अपनाने और साम्राज्य में शांति व अहिंसा फैलाने के उनके योगदान पर चर्चा की तथा समाज को एकजुट रहने का संदेश दिया। समाज के नेताओं ने कहा कि सम्राट अशोक का जीवन हर वर्ग के लिए प्रेरणास्त्रोत है और कुशवाहा समाज उनके विचारों को आगे बढ़ाने के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहेगा।

# हर मंगलवार जुटते एक हजार से अधिक श्रद्धालु, जात-पात की विदाई का संदेश



### हिंदू जोड़ो संगठन का 149वां विशाल भंडारा संपन्न

**छतरपुर।** मोटे के महावीर मंदिर प्रांगण में हिंदू जोड़ो संगठन द्वारा 149वां विशाल भंडारा सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। संगठन की ओर से हर मंगलवार को नियमित रूप से आयोजित होने वाले इस भंडारे में इस बार भी 1000 से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन संजू मिश्रा और उनकी टीम के नेतृत्व में संपन्न हुआ। संजू मिश्रा ने बताया कि उनका लक्ष्य 151 भंडारों का संकल्प पूरा करना है। उन्होंने भंडारे के दौरान ₹जात-पात की करो विदाई, हम सब हिंदू भाई-भाई₹ का संदेश देते हुए कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में एकता, भाईचारा और धार्मिक सद्भाव को मजबूत करना है। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों की भारी भागीदारी रही। पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर में धार्मिक और सामाजिक एकजुटता का सुंदर वातावरण देखने को मिला। भक्तों ने प्रसाद ग्रहण करते हुए संगठन की इस पहल की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को जारी रखने की अपील की।

# ड्रग इंस्पेक्टर और नायब तहसीलदार की संयुक्त कार्रवाई से दुकानें बंद कर गायब हुए संचालक

### नौगांव में मेडिकल संचालकों में मचा हड़कंप



**नौगांव/छतरपुर।** मंगलवार दोपहर करीब एक बजे नौगांव में अचानक हड़कंप मच गया जब जिला ड्रग इंस्पेक्टर अजीत जैन और नायब तहसीलदार की टीम संयुक्त रूप से मेडिकल दुकानों की औचक जांच करने पहुंची। जैसे ही मेडिकल संचालकों को इस कार्रवाई की भनक लगी, अधिकांश दुकानदारों ने तुरंत अपनी दुकानें बंद कर दीं।बताया जा रहा है कि नगर के करीब 90 प्रतिशत मेडिकल स्टोर बंद रहे, जिससे दवा लेने आए आम मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। सिविल अस्पताल कैंपस, बस स्टैंड टीवी अस्पताल चौराहा और आसपास के इलाकों में लगभग सभी मेडिकल दुकानें बंद मिलीं। हालांकि कुछ दुकानें खुली हुई थीं, जिनमें अधिकारियों ने दस्तावेजों की जांच की। जांच के दौरान आवश्यक दस्तावेज पूरे न पाए जाने पर एक मेडिकल संचालक को नोटिस जारी कर दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।नौगांव टीबी का बड़ा हब होने के कारण यहां प्रतिदिन 400 से अधिक मरीज इलाज के लिए आते हैं। इसी वजह से अस्पताल के आसपास और अन्य इलाकों में बड़ी संख्या में मेडिकल स्टोर खुल गए हैं। लेकिन अधिकारियों के पहुंचते ही ज्यादातर दुकानों के शटर बंद हो जाना लोगों के मन में सवाल खड़ा कर रहा है कि क्या ये मेडिकल संचालक शासन की निर्धारित गाइडलाइंस और मापदंडों का पालन नहीं कर रहे हैं। इस पूरे मामले में ड्रग इंस्पेक्टर अजीत जैन ने बताया कि नौगांव में कई मेडिकल स्टोर निर्धारित मापदंडों के अनुरूप नहीं चल रहे हैं, जिसकी शिकायतें लगातार मिल रही थीं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इस तरह की औचक जांच और कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी। कार्रवाई के दौरान कुछ मेडिकल संचालक अपनी दुकानें खुली रखे रहे, जबकि ज्यादातर ने बंद कर दीं।

# बकस्वाहा में निकली भव्य चुनरी यात्रा

### महाकाली मंदिर से डॉन माता मंदिर तक 4 किलोमीटर की पदयात्रा



**बकस्वाहा।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर बकस्वाहा नगर में भक्ति और आस्था का भव्य मेला देखने को मिला। महाकाली मंदिर से वीरमपुरा स्थित प्राचीन डॉन माता मंदिर तक भव्य चुनरी यात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।यह चुनरी यात्रा बकस्वाहा नगर से शुरू होकर लगभग 4 किलोमीटर दूर वीरमपुरा गांव तक पहुंची। पूरे मार्ग में श्रद्धालु माता के जयकारे लगाते हुए पैदल चले और डॉन माता मंदिर पहुंचकर चुनरी चढ़ाई तथा माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। यात्रा के दौरान माता के भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए और चारों ओर भक्ति का माहौल छाया रहा। वीरमपुरा का प्राचीन डॉन माता मंदिर क्षेत्र में मनोकामना पूर्ति के लिए विशेष रूप से प्रसिद्ध है। दूर-दूर से श्रद्धालु यहां दर्शन करने पहुंचते हैं। इस यात्रा को सफल बनाने में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामवासियों का सराहनीय सहयोग रहा।

# शहर में निकाली 51 मीटर की विशाल चुनरी यात्रा, मातृशक्ति का उमड़ा सैलाब



**नौगांव।** चैत्र नवरात्र के पावन पर्व पर शहर में भक्ति, श्रद्धा और मातृशक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला, जब अभिव्यक्ति सेवा समिति द्वारा माता रानी की भव्य चुनरी यात्रा श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली गई। यात्रा के दौरान पूरा शहर जय माता दी के जयकारों से गूंज उठा। जानकारी के अभिव्यक्ति सेवा समिति द्वारा नवरात्र पर्व पर शहर के शंकर जी के मंदिर से विधिवत पूजा अर्चना की गई तत्पश्चात 51 मीटर की विशाल चुनरी यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकली । शहर वासियों ने चुनरी यात्रा का जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में मातृशक्ति, बेटियां और बच्चे यात्रा में शामिल हुए। एक ओर मातृशक्तियां लाल वस्त्र धारण किए हुए हाथों में 51 मीटर लंबी विशाल चुनरी लेकर आगे बढ़ रही थीं, तो वहीं बच्चे और युवतियां डीजे की भक्तिमय धुनों पर झूम रहे थे। भव्य चुनरी शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए बस स्टैंड के पीछे से मेन बाजार राम दरबार चौराहा होते हुए बड़ी होते माता मंदिर पहुंची जहां विधि विधान से माता रानी को चुनरी अर्पित की गई और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। नवरात्र पर्व पर निकाली गई इस विशाल चुनरी यात्रा ने पूरे शहर को भक्ति और आस्था के रंग में रंग दिया तथा धार्मिक वातावरण को और अधिक उल्लासपूर्ण बना दिया। इस दौरान अभिव्यक्ति सेवा समिति की सदस्य अभिलाषा शिवहरे ने बताया कि चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर माता रानी की चुनरी यात्रा शहर की सुख-समृद्धि, खुशहाली और शांति की कामना को लेकर निकाली गई है। उन्होंने कहा कि माता रानी की कृपा से शहर में सदैव आनंद, उन्नति और सकारात्मक ऊर्जा का संचार बना रहे, इसी भावना के साथ मातृशक्ति द्वारा यह भव्य चुनरी यात्रा निकाली गई। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से समाज में एकता, आस्था और सांस्कृतिक परंपराओं को मजबूती मिलती है तथा आने वाले समय में भी समिति द्वारा ऐसे आयोजन निरंतर किए जाते रहेंगे।

## खबर संक्षेप

### लघु उद्योग संवर्धन समिति की बैठक 30 मार्च को

**रीवा ।** कलेक्टर प्रतिभा पाल अध्यक्षता में लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड की बैठक 30 मार्च को सुबह 11 बजे कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित की गयी है। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र जेपी तिवारी ने बताया कि बैठक में एमएसएमई उद्योगों के संवर्धन, विकास नीति एवं योजना के क्रियान्वयन के साथ ही जिला स्तर पर उद्योगों में आने वाली कठिनाईयों के निराकरण के संबंध में चर्चा की जायेगी।25/03/2026, 8:16**pm** - गुड्डू निगम रीवाः जिला सलाहकार समिति में 124 राहत प्रकरणों को दी गई मंजूरीरीवा । जनजातीय कार्य विभाग के तहत अत्याचार निवारण अधिनियम की जिला सलाहकार समिति की बैठक कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित की गई। बैठक में अत्याचार पीड़ितों के लिए 124 प्रकरणों में 92 लाख 37 हजार 500 रुपए की राहत राशि मंजूर की गई। बैठक में विधायक मनगवां इंजीनियर श्री नरेन्द्र प्रजापति ने कहा कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति कल्याण के लिए संचालित जिन योजनाओं में बजट का अभाव है उनके लिए तत्काल मांग करें। मांग पत्र की प्रति मुझे भी उपलब्ध कराएं। मऊगंज जिले के प्रकरणों की सुनवाई के लिए मऊगंज में विशेष न्यायाधीश की नियुक्ति संबंधी प्रस्ताव भी तत्काल भेजें। विधायक ने अत्याचार पीड़ितों को राहत राशि वितरण के लिए आयुक्त जनजातीय कार्य से मोबाइल फोन पर चर्चा करके शीघ्र राशि आवंटन करने का अनुरोध किया।बैठक में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने कहा कि समिति की नियमित बैठक करके लंबित प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है। पुलिस विभाग के सहयोग से अनुसूचित जाति और जनजाति बहुल क्षेत्रों में जागरूकता शिविर आयोजित किए जाएंगे। बैठक में जिला संयोजक केके पाण्डेय ने बताया कि अनुसूचित जाति के 83 प्रकरणों के लिए 60 लाख रुपए तथा अनुसूचित जनजाति के 41 पीड़ितों को राहत राशि देने के लिए 32 लाख 37 हजार 500 रुपए मंजूर किए गए हैं। विभाग से आवंटन प्राप्त होते ही पीड़ितों को राहत राशि वितरित की जाएगी। दर्ज प्रकरणों में पीड़ितों और गवाहों के यात्रा भत्ता तथा आहार व्यय अनुदान के लिए सात लाख 50 हजार रुपए आवंटित करने की मांग की गई है। बैठक में ग्राम सभाओं में अत्याचार पीड़ितों को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी देने तथा ग्राम पंचायतों में विभागीय योजनाओं की जानकारी के फ्लैक्स लगाने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में एसडीओपी प्रभारी अजाक उदित मिश्रा, सहायक संचालक रूचि तिवारी तथा समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने जनसुनवाई में 38 आवेदकों की सुनी समस्यायें



**मऊगंज ।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर संजय कुमार जैन ने 38 आवेदकों की समस्यायें सुनी। उन्होंने जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रेषित कर समाधानकारक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। बृजभान पटेल निवासी बंधवा कोठार के पट्टे की भूमि में गलत नाम दर्ज होने के आवेदन पर एसडीएम मऊगंज को, बृजवासी प्रसाद तिवारी निवासी जोरौट के नक्शा तरमीम किये जाने के आवेदन पर तहसीलदार नईगढ़ी को तथा रामकरण पटेल निवासी पाड़र के राजीनामे के उल्लंघन, गलत नक्शा तरमीम के आवेदन पर तहसीलदार मऊगंज को कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इसी प्रकार मऊगंज नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 8 के रहवासियों ने हाई वोल्टेज विद्युत लाइन को आवासीय क्षेत्र से बाहर किये जाने का आवेदन किया। कलेक्टर ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिये गये। प्रदीप चतुर्वेदी सुंदरपुर्वा के निजी भूमि से अवैध कब्जा एवं निर्माण रोकने के आवेदन पर तहसीलदार मऊगंज को, शकुंतला सेन निवासी सोनवर्षा के बेदखली का आदेश पालन कराने के आवेदन पर नायब तहसीलदार को तथा दिनेश शुक्ला के नगर परिषद मऊगंज में अधूरी नाली निर्माण को पूर्ण कराने के आवेदन को सीएमओ मऊगंज को कार्यवाही के लिए प्रेषित किया गया। कलेक्टर ने रोशनी शुक्ला के आंगनवाड़ी सहायिका के पद पर मैरिट सूची में उसके नाम न होने के आवेदन पर कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास को परीक्षण करने के निर्देश दिये। दिलीप पटेल निवासी जुड़मनियामुरली के हैण्डपंप लगाने हेतु बोरबेल की अनुमति के आवेदन पर कार्यपालन यंत्री पीएचई को कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया।

# चाकघाट में डायल-112 चालक की अवैध वसूली का वीडियो वायरल

**300 रुपए प्रति गाड़ी लेने की बात एसपी ने लिया संज्ञान, आरक्षक लाइन अटैच, चालक पर एक्सटॉर्शन की धाराओं में एफआईआर दर्ज, थाना प्रभारी समेत अन्य पुलिस कर्मियों की भूमिका जांच के दायरे में**

**रीवा।** रीवा जिले के चाकघाट थाना क्षेत्र में डायल-112 वाहन के चालक द्वारा कथित अवैध वसूली का मामला सामने आने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए। वायरल वीडियो में डायल-112 का चालक एक भूसा लदी पिकअप वाहन चालक से कथित रूप से 300 रुपये की मांग करता नजर आ रहा है। वीडियो में चालक ने कहा कि वह हर गाड़ी से 300 रुपये लेता है और पैसे देने के बाद किसी अन्य पुलिसकर्मी द्वारा वाहन न रोके जाने की बात भी करता है। वीडियो में पीड़ित चालक अपनी आर्थिक तंगी का हवाला देते हुए



कहता दिखाई दे रहा है कि उसके पास खाने तक के पैसे नहीं हैं। इसके बावजूद आरोपी चालक द्वारा पैसे न देने पर 1000 रुपये का चालान करवाने की धमकी दी जाती है। वाहन चालक यह भी बताता है कि उसका उसी दिन एक बार चालान हो चुका है और अलग-अलग थाना क्षेत्रों में बार-बार रोके जाने से वह परेशान है।इस दौरान आरोपी चालक द्वारा अभद्र भाषा के प्रयोग के आरोप भी सामने आए हैं, जिससे पुलिस की छवि को ठेस पहुंची है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान ने तत्काल संज्ञान लिया और जांच के आदेश दिए। प्रारंभिक कार्रवाई में आरक्षक सुरेंद्र को लाइन अटैच कर दिया गया है। वहीं डायल-112 के चालक को हटाने का निर्णय भोपाल मुख्यालय स्तर से लिया गया है।वही मामले में थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिसकर्मियों की संलिप्तता की भी जांच की जा रही है। वायरल वीडियो में सामने आई बातचीत से यह आशंका जताई जा रही है कि अवैध वसूली का यह सिलसिला संगठित रूप ले चुका था। घटना के बाद पुलिस ने डायल-112 में तैनात चालक के खिलाफ चाकघाट थाने में एक्सटॉर्शन (जबरन वसूली) की धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है। अधिकारियों का कहना है कि जांच के दौरान जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।थाना प्रभारी पर भी गहराया संदेहमामले में थाना प्रभारी की भूमिका भी संदेह के घेरे में है। जांच के दायरे में अन्य पुलिसकर्मियों को भी शामिल किया गया है। संभावना जताई जा रही है कि जांच पूरी होने के बाद और भी बड़ी कार्रवाई सामने आ सकती है।

**पंपों पर उमड़ी भीड़ संचालकों का दावा पर्याप्त है ईंधन, अफवाहों के चलते लोग करा रहे टैंक फुल, कुछ जगहों पर अव्यवस्था**

# रीवा में पेट्रोल किल्लत की अफवाह से हड़कंप





**रीवा।** मध्यप्रदेश के अन्य जिलों की तरह रीवा जिले में भी पेट्रोल-डीजल की कथित किल्लत की अफवाह ने बुधवार को अचानक हड़कंप मचा दिया। सोशल मीडिया पर तेजी से फैल रही भ्रामक खबरों के कारण शहरवासियों में पैनिक की स्थिति बन गई, जिसके चलते सुबह से ही विभिन्न पेट्रोल पंपों पर वाहनों की लंबी कतारें देखी गईं। जानकारी के अनुसार, शहर के कुछ पेट्रोल पंपों पर अस्थायी रूप से ईंधन खत्म होने की स्थिति बनने के बाद यह अफवाह और तेजी से फैल गई। इसके चलते अन्य पंपों पर भी भारी भीड़ उमड़ पड़ी। दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों ने किसी संभावित संकट की आशंका में अपने टैंक फुल कराने शुरू कर दिए, जिससे कई स्थानों पर अव्यवस्था की स्थिति निर्मित हो गई। सुबह से शाम तक लगी रहीं कतारेंसुबह के समय शुरू हुई भीड़ का सिलसिला देर शाम तक जारी रहा। शहर के प्रमुख पेट्रोल पंपों के बाहर लंबी कतारें देखी गईं। कुछ पंपों पर तो ईंधन की खपत अचानक बढ़ जाने से स्टॉक अस्थायी रूप से समाप्त हो गया, जबकि अन्य पंपों पर आपूर्ति जारी रहने के कारण स्थिति नियंत्रित बनी रही।संचालकों ने अफवाहों को किया खारिजपेट्रोल पंप संचालकों ने स्पष्ट किया है कि जिले में पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं है। उनके अनुसार, ईंधन का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और सप्लाई भी नियमित रूप से हो रही है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और अनावश्यक रूप से टैंक फुल कराने से बचें, ताकि व्यवस्था सुचारु बनी रहे।

# एमपी टास पोर्टल में छात्रवृत्ति आवेदन की अंतिम तिथि 31 मार्च



**रीवा ।** पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए एमपी टास पोर्टल में आवेदन पत्र 31 मार्च तक जमा किये जा सकते हैं। सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग तथा अल्प संख्यक कल्याण ने जिले के शासकीय व अशासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों से अपेक्षा की है कि निर्धारित समयावधि में पात्र विद्यार्थियों के आवेदन प्रस्तुत किये जांय ताकि उनका परीक्षण कर पोर्टल पर अगल चरण हेतु अग्रेषित किया जा सके।25/03/2026, 8:09pm - गुड्डू निगम रीवाः मुख्य सचिव के व्हीसी के एजेण्डा बिन्दुओं की कलेक्टर ने की समीक्षा रीवा । कलेक्टर प्रतिभा पाल ने मुख्य सचिव द्वारा लिये जाने वाली ऑनलाइन बैठक के एजेण्डा बिन्दुओं की समीक्षा की। उल्लेखनीय है कि मुख्य सचिव द्वारा 26 मार्च को व्हीसी के माध्यम से विभिन्न विषयों की समीक्षा की जायेगी। कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि एजेण्डा बिन्दुओं में आवश्यक प्रगति हो। खाद की उपलब्धता, कामधेनु योजना, पेयजल उपलब्धता सुशासन आदि विषयों पर अपेक्षित प्रगति के निर्देश कलेक्टर द्वारा संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिये गये। कलेक्टर ने जल गंगा संवर्धन अभियान की दैनिक प्रगति की रिपोर्ट आनलाइन पोर्टल में प्रस्तुत करने तथा संकल्प से समाधान अभियान में प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को 26 मार्च को नियत समय में एनआईसी में उपस्थित रहने के निर्देश दिये। बैठक में पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**एमपीएसआरडीसी की नोटिस का नहीं दिखा असर**

# 400 करोड़ से बन रहे फोरलेन बायपास में गुणवत्ता की अनदेखी, सड़क निर्माण में मनमानी कर रही केसीसी कंपनी





**रीवा।** चोरहटा से रतहरा तक निर्माणाधीन फोरलेन बायपास में गुणवत्ता और नियमों की अनदेखी की जा रही है। एमपीएसआरडीसी की निगरानी में इसका निर्माण हरियाणा की केसीसी कंपनी द्वारा किया जा रहा है। लगभग 400 करोड़ से बन रहे फोरलेन बायपास निर्माण की मॉनिटरिंग की जिम्मेवारी एमपीएसआरडीसी को दी गई है। बता दें कि इसकी नियमित मानीटरिंग के लिए एमपीआरडीसी ने ग्लोबल इंजीनियरिंग नामक कंपनी को काम दिया है जो लगातार निगरानी कर रही है। बावजूद सड़क निर्माण में गुणवत्ता को ताक पर रखा जा रहा है। आलम यह है कि सड़क में सही तरके से नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। ऐसे में आने वाले दिनों में यह कितनों दिनों तक चल सकेगी यह कह पाना मुश्किल हो रहा है। बता दक कि केसीसी निर्माण कंपनी नियमों को दरकिनार कर काम कर रही है सवाल यह है कि अधिकारी भी कुछ नही कह पा रहे है। हालाकि एमपीएसआरडीसी के जिला प्रबंधक विनोद टांटवे द्वारा निर्माता कंपनी केसीसी को इसके लिए नोटिस भी दी गई है लेकिन इसके बावजूद उसके रवैये में कोई सुधार नहीं आया है। बता दे कि केसीसी कंपनी द्वारा डीपीआर के अनुसार काम नहीं किया जा रहा है। काली मिट्टी से सड़क का बेस बनाया जा रहा है। इस पर भी गिट्टी की पतली परत बिछाई छा जा रही है। केसीसी कंपनी के कार्यों की मॉनिटरिंग भी ग्लोबल इंजीनियरिंग द्वारा बराबर नहीं हो रही है। इसके कारण गुणवत्ता को लेकर किसी तरह की कार्रवाई भी नहीं की जा रही है। सिरमौर रोड में बने बायपास पुल को केसीसी कंपनी ने जमींदोज कर दिया है। अब यहां इस पार से उस पार जाने के लिए जो डायवर्सन दिया गया है। उसके लिए कच्ची सड़क बनाई गई है। बायपास से होकर दिन रात भारी वाहन गुजरते हैं। इस डायवर्टेड सड़क की हालत देखकर ही ड्राइवरों की हालत खराब हो जाती है। यहां भी एक तरफ सड़क पक्की तो दूसरी तरफ कच्ची डायवर्सन सड़क बनी हुई है।सड़क पर बन गये हैं खतरनाक गड्ढेबायपास सड़क चौड़ीकरण का काम कर रही हरियाणा की केसीसी कंपनी पुरानी सड़क पर ही फिलहाल वाहनों को दोड़ा रही है। इस डामरीकृत सड़क की हालत खराब हो गई है। जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। इनमें मलबा तक नहीं भरा जा रहा है जिसके कारण सड़क पर धूल ही धूल उड़ती है। गड्ढे बड़े होने के कारण हादसे भी बढ़ गए हैं। भारी वाहन चालक इन गड्ढों से बचने के लिए टेढ़ी मेढ़ी गाडिया चलाते हैं, जिससे छोटे वाहन एवं दोपहिया वाहन अक्सर इनकी चपेट में आकर दुर्घटनाग्रस्त होते हैं।नहीं हो रही जांचबायपास सड़क निर्माण में कई जगह बेस में काली मिट्टी का उपयोग किया जा रहा है जबकि काली मिट्टी का उपयोग प्रतिबंधित है। इसके अलावा सड़क पर 30 एमएम गिट्टी की जगह 10 एमएम की गिट्टी की लेयर बिछाई जा रही है। मलबा के ऊपर बिछाई जा रही गिट्टी की लेंथ भी पतली कर दी गई है। पुल पुलियों के बगल में गट्टी से फीलिंग की जानी चाहिए थी लेकिन मिट्टी से पटाई की जा रही है। मध्यप्रदेश राज्य सड़क विकास निगम द्वारा बायपास निर्माण की मॉनिटरिंग के लिए ग्लोबल इंजीनियरिंग नामक प्राइवेट कंपनी को जिम्मेदारी दी गई है लेकिन वह भी नियमित जांच नहीं कर रही है।

# जल संरक्षण के कार्यों में हर विभाग सहभागिता निभाएं - कमिश्नर



**रीवा ।** कमिश्नर बीएस जामोद ने कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के लिए विभागवार कार्ययोजना बना दी गई है। हर विभाग जल संरक्षण के कार्यों में सहभागिता निभाएं। नदियों के जल ग्रहण क्षेत्रों में वृक्षारोपण, उद्गम स्थलों की साफ-सफाई तथा पुराने जल स्त्रोतों के जीर्णोद्धार के कार्य प्राथमिकता से कराएं। कमिश्नर ने कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए चिन्हित 90 क्लस्टर में किसानों को प्रशिक्षित करें। इन क्षेत्रों में गोपालन को बढ़ावा दें। नरवाई जलाने की घटना रोकने के लिए भी किसानों के बीच जागरूकता अभियान चलाएं। खाद का वितरण अब केवल ई टोकन के माध्यम से कराएं। सभी किसानों की फार्मर आईडी बनाने तथा उन्हें सहकारी समितियों का सदस्य बनाने पर भी विशेष ध्यान दें। कमिश्नर ने कहा कि मछलीपालन विभाग में सीधी और सिंगरौली जिले में बायोफ्लॉक का निर्माण कराएं। इन जिलों में भौतिक और वित्तीय प्रगति संतोषजनक नहीं है। कमिश्नर ने उप संचालक उद्यानिकी को उद्यानिकी फसलों के क्षेत्र विस्तार तथा विभागीय योजनाओं से लाभान्वित किसानों को अनुदान की राशि जारी कराएं। कमिश्नर ने कहा कि संभाग में सात अप्रैल से समर्थन मूल्य पर गेंहू का उपार्जन शुरू हो रहा है। सभी खरीदी केन्द्रों में शासन के मापदण्डों के अनुसार व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। पंजीकृत किसानों का शत-प्रतिशत सत्यापन कराएं। मिलर्स से चर्चा करके धान की मिलिंग में तेजी लाएं जिससे गेंहू भण्डारण के लिए गोदाम उपलब्ध हो सकें। पेट्रोलियम पदार्थों तथा एलपीजी के वितरण पर निगरानी रखें। जिन स्थानों से एलपीजी के सिलेण्डर एर्जेसियों को प्राप्त हो रहे हैं वहाँ सम्पर्क करके सिलेण्डरों की आपूर्ति बढ़ाएं। रीवा और मैहर जिले में एलपीजी वितरण पर विशेष ध्यान दें। कमिश्नर ने कहा कि सभी बसाहटों में पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करें। हैण्डपंपों के सुधार के लिए अतिरिक्त राइजर पाइप एवं सिंगल फेज मोटर की तत्काल व्यवस्था करें। एकल नलजल योजनाओं का निर्माण कार्य पूरा कराकर उन्हें ग्राम पंचायतों को हैण्डओवर कराएं। बैठक में कमिश्नर ने सीएम हेल्पलाइन में लंबित प्रकरणों के निराकरण, राहत राशि के वितरण तथा पशुपालन विभाग की योजनाओं के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, उपायुक्त एलएल अहिरवार तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री को जन्मदिवस पर उप मुख्यमंत्री ने दी शुभकामनाएं



**रीवा ।**
मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के जन्मदिवस पर उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मुख्यमंत्री निवास में भेंट कर शुभकामनाएँ दीं।

# नईगढ़ी पुलिस द्वारा पकड़ी गई भारी मात्रा में अवैध शराब




**मऊगंज।** जिले के नईगढ़ी थाना प्रभारी उप निरीक्षक ऋषि कुमार द्विवेदी के कुशल नेतृत्व मे हमराह स्टाफ द्वारा भारी मात्रा मे अवैध शराब जप्त कर शराब तस्कर को किया गया गिरफ्तार। घटनाक्रम के बारे मे बताया गया कि दिनांक24/03/26 थाना नईगढी पुलिस को दौरान रात्रि गस्त मुखबिर सूचना प्राप्त हुई की गढ तरफ से दो व्यक्ति मोटरसायकल मे अवैध शराब रखकर बिक्री हेतु नईगढी तरफ आ रहे है। मुखबिर सूचना पर नईगढी पुलिस द्वारा दो स्वतंत्र साक्षियो को साथ लेकर बधवा मोड के पास गढ नईगढी रोड मे नाकाबंदी कर गढ तरफ से आने वाली मोटरसायकल को रोककर मोटरसायकल चालक व प्लास्टिक की बोरी पकडे पीछे बैठे व्यक्ति से मुखबिर सूचना से अवगत कराकर पूछताछ की गई तो मोटरसायकल चला रहा व्यक्ति अपना नाम संजय पटेल पिता जयराम पटेल उम्र 31 वर्ष निवासी बंधवा कोठार थाना नईगढ़ी जिला मऊगंज म.प्र.एवं पीछे बैठा व्यक्ति अपना नाम उमेश पटेल पिता राजबहोर पटेल उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम बंधवा थाना नईगढ़ी जिला मऊगंज म.प्र. का होना बताया तथा दोनो के बीच रखी प्लास्टिक की बोरी के अंदर खाखी रंग के कुल 06 कार्टून मे 53 लीटर 280 एमएल अंग्रेजी व देशी प्लेन शराब कुल कीमती 40200 /- ( चालीस हजार दो सौ ) अवैध बिक्री के प्रयोजन से रखना पाए जाने पर उक्त शराब बिक्री के सबंध मे कोई वैध कागजात नही होने पर आरोपीगणो का कृत्य धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत दण्डनीय पाए जाने से आरोपीगणो के सयुक्त अधिपत्य से उक्त अवैध शराब जप्त कर आरोपीगणो को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया है माननीय न्यायालय द्वारा आरोपीगणो को उपजेल मऊगंज भेज दिया गया ।

# सड़क सुरक्षा व अतिक्रमण हटाने को लेकर कलेक्टर सख्त कलेक्टर ने विभिन्न स्थलों का किया निरीक्षण



**मऊगंज।** कलेक्टर संजय कुमार जैन ने जिले के पटेहरा, खटखरी एवं बड़इया मोड़ क्षेत्र का निरीक्षण कर सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को स्पीड ब्रेकर, साइन बोर्ड एवं रोड मार्किंग कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए, जिससे आमजन को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके। कलेक्टर ने सर्विस रोड पर किए गए अतिक्रमणों को तत्काल प्रभाव से हटाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि सड़क किनारे अवैध कब्जे न केवल यातायात को बाधित करते हैं, बल्कि दुर्घटनाओं की संभावना भी बढ़ाते हैं, इसलिए इन पर सख्ती से कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। खटखरी प्रवास के दौरान कलेक्टर ने शासकीय कन्या हाई स्कूल के पुराने और जर्जर हो चुके भवन का निरीक्षण किया। सुरक्षा की दृष्टि से इस भवन को अनुपयोगी पाये जाने पर उन्होंने इसे तत्काल प्रभाव से डिमोलाइश करने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके और नई संरचनाओं हेतु स्थान रिक्त हो। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने हनुमना नगर परिषद क्षेत्र में बनने वाले अंतरराष्ट्रीय बस स्टैंड की प्रगति की समीक्षा करते हुए प्रस्तावित भूमि पर अतिक्रमण के कारण कार्य प्रभावित होने पर राजस्व और पुलिस प्रशासन को समन्वय बनाकर अविलंब अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए ताकि बस स्टैंड का निर्माण कार्य समय सीमा में पूर्ण हो सके। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को समन्वय के साथ कार्य करते हुए शासन की मंशानुसार विकास कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी, एसडीएम हनुमना श्रीमती रश्मि चतुर्वेदी ,हनुमना नगर परिषद अध्यक्ष सोनू आशुतोष गुप्ता,मप्र सड़क विकास निगम के अधिकारी उपस्थित रहे।